जागरण

आगरा की नकली दवाओं पर बड़ा खुलासा! लखनऊ की इन 20 फार्मेसी में खपाई गईं दवाएं



**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** नकली दवाओं का व्यापार आगरा ही नहीं प्रदेश भर में फैला हुआ है। करोड़ों की रुपये दवाएं कई बड़े थोक व्यापारियों के पास खपा दी गई थीं। इसमें लखनऊ के भी थोक व फुटकर व्यापारी शामिल थे। आगरा में जांच के बाद ऐसे 20 मेडिकल स्टोर के नाम सामने आए हैं।

खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन (एफएसडीए) के अधिकारियों ने इन सभी मेडिकल स्टोर में दवा के स्टाक की जांच की है। फुटकर दवा व्यापारियों से दवा वापस मंगाने के लिए कहा गया है।आगरा की हे मां मेडिकल और बंसल एजेंसी से कथित नकली दवाएं प्रदेश के बड़े थोक दवा व्यापारियों तक पहुंच गई थी।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/lucknow-city-lucknow-news-fake-medicine-racket-busted-medical-stores-under-scrutiny-24048303.html